(b) if so, what steps are being taken by Government for the regular supply of wagons to this State?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MOHD. SHAFI QURESHI): (a) and (b). No. On account of disruption in normal Railway working due to extraneous features like agitations, strikes etc., occasionally difficulties might have been faced by industries in Uttar Pradesh. Within the constraints imposed by such disruptions, every effort is made to meet the needs of industries fully and promptly.

मुरादाबाद डिवीजन में सिसौना रेलवे स्टेशन का लूटा जाना

328 श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जून, 1973 में सशस्त्र डाकुओं ने मुरादाबाद डिवीजन में सिसौना रेलवे स्टेशन को लूट लिया था ;

(ख) इससे सरकार को कितनी हानि हुई; और

(ग) इस प्रकार की कार्यवाहियों को रोकने के लिए सरकार क्या कार्यवाही करने जा रही है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) से (ग) : जून, 1973 में सिसौना रेलवे स्टेशन पर कोई सशस्त्र डकैती नहीं हुई ।

लेकिन 22-6-1973 को स्टेशन मास्टर, सिसौना द्वारा सिविल पुलिस हल्दौर (जिला बिजनौर) के पास लूटपाट के एक मामले की रिपोर्ट की गई थी जिसमें रेलवे के 107.20 रुपये लूट लिए गए थे । पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 392 के अधीन एक मामला दर्ज किया था जिसकी अन्तिम रिपोर्ट भेज दी है, क्योंकि यह पाया गया कि स्टेशन मास्टर द्वारा यह रिपोर्ट कथित अभियुक्त के साथ दुश्मनी के परिणाम-स्वरूप की गई थी ।

निवारक उपाय के रूप में इस स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा दल के सशस्त्र रक्षक तैनात कर दिए गये हैं। सिविल पुलिस से भी अनुरोध किया गया है कि वह ऐसे मार्गवर्ती स्टेशनों पर शस्त्र सशस्त्र पुलिस की गश्त की व्यवस्था करे ।

28-अप-वाराणसी एक्सप्रेस के 15 यात्रियों की मृत्यु

329. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जून, 1973 में बम्बई जाने वाली 28-अप-वाराणसी एक्सप्रेस के 15 यात्री मर गए थे, और

(ख) क्या सरकार ने उनकी मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए कोई जांच कराई है ?

रेल मंत्रालय में उपमंत्री (श्री मुहम्मद शफी कुरेशी) : (क) जी, नहीं। लेकिन 26-6-1973 को मेहर स्टेशन पर 28 अप वाराणसी—दादर एक्सप्रेस गाड़ी के इंजन से चौथे और पांचवें नम्बर पर लगे तीसरे दर्जे के दो डिब्बों के कपलिंग और बफर पर लटकती हुई दो लाशें पायी गई थी ।

(ख) पुलिस मामले की जांच कर रही है ।